ग्रीनविच माध्य समय या (GMT) ग्रीनविच, लंदन में रॉयल वेधशाला में घड़ी का समय है, जो 0° 0' 0" देशांतर पर स्थित है। 1 नवंबर, 1884 को, वॉशिंगटन डीसी, यूएसए में अंतर्राष्ट्रीय मेरिडियन सम्मेलन में जीएमटी को सार्वभौमिक रूप से अपनाया गया था। परिणामस्वरूप, अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा तैयार की गई और 24 समय क्षेत्र बनाए गए। प्रत्येक समय क्षेत्र को ग्रीनविच (इंग्लैंड) के सापेक्ष मापा जाता है। प्रधान याम्योत्तर (Prime Meridian) अर्थात् 0° देशांतर रेखा समय-क्षेत्र मानचित्र के प्रत्येक समय क्षेत्र के शुरुआती बिंदु को चिह्नित करता है। GMT अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उपयोग किया जाने वाला समय भी है।

सभी की सुविधा के लिए, प्रत्येक देश 7°30' के गुणक में अपने मानक याम्योत्तर (मानक मध्याह्न रेखा-Standard Meridian) को चुनता है। तद्नुसार, भारत में इसके सापेक्ष केंद्रीय याम्योत्तर (केंद्रीय मध्याह्न रेखा-Central Meridian) 82°30' पूर्व को मानक याम्योत्तर (मानक मध्याह्न रेखा) के रूप में चुना गया है।

1 सितंबर, 1947 को अपनाया गया भारतीय मानक समय (IST), ग्रीनविच मीन टाइम से 5:30 घंटे (5 घंटे 30 मिनट) आगे है। सीएसआईआर (CSIR) राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली भारतीय मानक समय (आईएसटी) बनाए रखती है। श्रीलंका का समय भी भारतीय मानक समय के समान है।

भारतीय मानक मध्याह्न (82°30' पू० मध्याह्न) पाँच राज्यों, अर्थात- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश से होकर गुजरती है।

अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (International Date Line):

अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा, पृथ्वी की सतह पर एक काल्पनिक रेखा है, जो एक कैलेंडर दिन के परिवर्तन का निर्धारण करती है। यह ग्रीनविच से गुजरने वाली आधुनिक प्रधान मध्याह्न रेखा की 180° मध्याह्न है।

अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा देशांतर की अन्य मध्याह्न रेखाओं से भिन्न है। किसी देश से गुजरने से बचने के लिए यह कुछ स्थानों पर टेढ़े-मेढ़े तरीके से चलती है। उत्तरी ध्रुव से, साइबेरिया के विभाजन से बचने के लिए तिथि रेखा सबसे पहले बेरिंग जलडमरूमध्य से होते हुए पूर्व की ओर मुड़ती है। यह अलास्का के साथ अल्युशियन द्वीपों को समूहित करने के लिए थोड़ा पश्चिम की ओर मुड़ती है। दक्षिणी गोलार्ध में, यह फिर से पूर्व दिशा में विचलित हो जाती है, जिससे पूरे न्यूज़ीलैंड में कैलेंडर की तिथियाँ एक समान हो जाती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पार करने पर तिथि परिवर्तन (Date Change on Crossing the International Date Line):

अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पश्चिम से पूर्व की ओर पार करते समय एक कैलेंडर दिवस की हानि हो जाती है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पूर्व से पश्चिम की ओर पार करने पर एक कैलेंडर दिवस का लाभ होगा।

1.3 भारत की तटरेखा (Coastline of India)

हिंद महासागर में भारत की तटरेखा सबसे लंबी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, भारत की तटरेखा लगभग 7,516.6 किमी है, जिसमें से लगभग 5,423 किमी मुख्य भूमि नौ राज्यों और दो संघ राज्यक्षेत्रों तथा लगभग 2,094 किमी मुख्य भूमि द्वीपीय क्षेत्रों द्वारा साझा की जाती है।

राज्यों में, गुजरात (1,214.7 किमी) की तटीय लंबाई सबसे अधिक है और केंद्र-शासित प्रदेशों में अंडमान और निकोबार (1,962 किमी) की तटीय लंबाई सबसे अधिक है।

राज्य और संघ राज्यक्षेत्र प्रदेश	समुद्रतट की लंबाई (किमी)
गुजरात	1,214.7
आंध्र प्रदेश	973.7
तमिलनाडु	906.9
महाराष्ट्र	652.6
केरल	569.7

राज्य और संघ राज्यक्षेत्र प्रदेश	समुद्रतट की लंबाई (किमी)
ओडिशा	476.4
कर्नाटक	280
गोवा (दमन और दीव)	160.5
पश्चिम बंगाल	157.5
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1962
लक्षद्वीप द्वीपसमूह	132
पुदुच्चेरी	30.6

भारत का प्रादेशिक/क्षेत्रीय जल (Territorial Waters of India)

भारत का प्रादेशिक जल (Territorial Waters) आधार रेखा (Baseline) से 12 समुद्री मील तक फैला हुआ है।

भारत का संलग्न/अविच्छिन्न क्षेत्र (Contiguous Zone) आधार रेखा से 24 समुद्री मील तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र में, भारत को आवश्यक नियंत्रण रखने, अर्थात् क्षेत्रीय समुद्र पर अपने सीमा शुल्क, राजकोषीय अधिकार, आव्रजन (Immigration) और अन्य नियमों के उल्लंघन को रोकने का अधिकार है।

प्रादेशिक समुद्र से सटा भारत का अनन्य आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone) उन तटीय आधार रेखाओं से 200 समुद्री मील तक फैला हुआ है, जहाँ से प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है। भारत को अनन्य आर्थिक क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन के उद्देश्य से अधिकार प्राप्त हैं।



चित्र 1.2: विविध समुद्री सीमाएँ

1.4 भारत के द्वीप (Islands of India)

अंडमान और निकोबार (Andaman and Nicobar)

- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के अंतर्गत आने वाले प्रमुख द्वीप हैं- उत्तरी अंडमान, मध्य अंडमान, दक्षिणी अंडमान, लिटिल अंडमान, कार निकोबार और ग्रेट निकोबार।

  अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर मध्य अंडमान में स्थित है। इंदिरा पॉइंट भारत का सबसे दक्षिणतम बिंदु है, जो ग्रेट निकोबार का सबसे दक्षिणी बिंदु है। बैरेन द्वीप (Barren Island), जो भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी (Active Volcano) है, मध्य अंडमान के पूर्व (East of Middle Andaman) में स्थित है। नारकोंडम द्वीप एक सुषुप्त ज्वालामुखीय द्वीप (Volcanic Island) है। 10 डिग्री चैनल अंडमान द्वीप को निकोबार द्वीप से अलग करता है।

डंकन पैसेज उत्तर में रटलैंड द्वीप (ग्रेट अंडमान का हिस्सा) और दक्षिण में लिटिल अंडमान को अलग करता है। ग्रेट निकोबार और सुमात्रा (इंडोनेशिया) के बीच ग्रैंड चैनल स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह को एमराल्ड द्वीप (Emerald Island) के नाम से भी जाना जाता है।

चैनल	अलग करता है
डंकन पैसेज	लघु अंडमान को दक्षिणी अंडमान से अलग करता है
10-डिग्री चैनल	अंडमान द्वीपसमूह को निकोबार द्वीपसमूह से अलग करता है
9-डिग्री चैनल	मिनिकॉय को शेष लक्षद्वीप से अलग करता है
8-डिग्री चैनल	लक्षद्वीप समूह को मालदीव से अलग करता है
6-डिग्री चैनल	भारत के ग्रेट निकोबार द्वीप को इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप से अलग करता है



लक्षद्वीप (Lakshadweep)

अरब सागर में द्वीपों के तीन समूह हैं- अमिनदीवी द्वीपसमूह, लक्कादीव द्वीपसमूह (कवरत्ती सहित पाँच प्रमुख द्वीपों से मिलकर बना) और मिनिकॉय। वर्तमान में इन द्वीपों को सामूहिक रूप से लक्षद्वीप के नाम से जाना जाता है।

लक्षद्वीप द्वीपसमूह 36 छोटे द्वीपों का एक समूह है। ये केरल तट से लगभग 200-500 किमी दक्षिण-पश्चिम में व्यापक रूप से फैले हुए हैं। अमिनदीवी द्वीप सबसे उत्तरी है, जबकि मिनिकॉय द्वीप सबसे दक्षिणी है।

सभी प्रवाल चट्टानों से निर्मित छोटे-छोटे द्वीप हैं और तटीय प्रवाल भित्तियों से घिरे हुए हैं। एंड्रोट (Andrott) सबसे बड़ा द्वीप है और मिनिकॉय (Minicoy) दूसरा सबसे बड़ा द्वीप है। अधिकांश द्वीपों की ऊँचाई कम है और वे समुद्र तल से पाँच मीटर से अधिक ऊँचे नहीं हैं (ये द्वीप समुद्र स्तर में वृद्धि के प्रति बेहद संवेदनशील हैं।) उनकी स्थलाकृति समतल है और यहाँ पहाड़ियाँ, नदियाँ, घाटियाँ आदि भू-आकृतियाँ अनुपस्थित हैं।

1.5 भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ (India's International Borders)

भारत की स्थलीय सीमा लगभग 15,106.7 किमी है और इसकी स्थलीय सीमा सात देशों के साथ साझा होती है। भारत के उत्तर पश्चिम में पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान, उत्तर में चीन, नेपाल और भूटान तथा पूर्व में म्यांमार और बांग्लादेश अवस्थित हैं।



चित्र 1.3: भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्थलीय सीमाएँ

दक्षिण में स्थित दो द्वीपीय देश, अर्थात् श्रीलंका और मालदीव, समुद्र पार भारत के पड़ोसी हैं। पाक जलडमरूमध्य नामक समुद्र का एक संकीर्ण चैनल श्रीलंका को भारत से अलग करता है। 8 डिग्री चैनल लक्षद्वीप को मालदीव से अलग करता है।

पड़ोसी देशों के साथ भारत की सीमाएँ

देश	सीमा की लंबाई (किमी)	सीमावर्ती राज्य	सीमा विवाद (यदि कोई हो)
बांग्लादेश	4096.70	पश्चिम बंगाल, मिज़ोरम, मेघालय, त्रिपुरा, असम	1974 के सीमा समझौते (भारत और बांग्लादेश के बीच) और 2011 के इसके प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन ने भारत और बांग्लादेश के बीच सभी लंबित भूमि सीमा विवादों को सुलझा लिया है। भारत और बांग्लादेश के बीच समुद्री सीमा के परिसीमन के लिए मध्यस्थता न्यायाधिकरण द्वारा 7 जुलाई, 2014 को दिए गए फैसले से भारत और बांग्लादेश के बीच समुद्री सीमा तय हो गई है।
चीन	3488	लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश	लद्दाख में भारतीय क्षेत्र का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर चीन के कब्ज़े में है। इसके अलावा, 2 मार्च, 1963 को चीन और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित तथाकथित चीन-पाकिस्तान "सीमा समझौते" के तहत, पाकिस्तान ने अवैध रूप से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (POK) में 5,180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया।
पाकिस्तान	3,323	जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान, गुजरात	पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में लगभग 78,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध और ज़बरन कब्ज़ा कर रखा है। भारत और पाकिस्तान के बीच सर क्रीक क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) का सीमांकन नहीं किया गया है।
नेपाल	1,751	उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम	भारत और नेपाल एक खुली सीमा (Open Border) साझा करते हैं। लगभग 98 प्रतिशत सीमा रेखीय मानचित्रों पर सहमति बन चुकी है और 2007 में इन्हें अंतिम रूप दे दिया गया है। सीमा रेखीय मानचित्रों पर औपचारिक हस्ताक्षर के संबंध में नेपाल सरकार के साथ वार्ता चल रही है।
म्यांमार	1643	अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम	भारत और म्यांमार के बीच कोई सीमा विवाद नहीं है। हालाँकि, मणिपुर सेक्टर में भारत-म्यांमार सीमा पर 9 अनसुलझे सीमा स्तंभ (Boundary Pillar- BPs) हैं। इसके अलावा, भारत-म्यांमार सीमा पर मुक्त आवा-जाही की व्यवस्था है, जो सीमा पर रहने वाली जनजातियों को बिना वीज़ा प्रतिबंध के सीमा पार 16 किमी की यात्रा करने की अनुमति देती है।
भूटान	699	असम, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश	नहीं
अफ़ग़ानिस्तान	106	लद्दाख (POK)	नहीं
कुल	**15106.7**		

भारत की अपने पड़ोसियों के साथ महत्त्वपूर्ण सीमा रेखाएँ

सीमा रेखा	देश	तथ्य
नियंत्रण रेखा (Line of Control-LOC)	भारत और पाकिस्तान	एक सैन्य नियंत्रण रेखा (Military Control Line) है, इसे युद्धविराम रेखा (Cease-fire Line) भी कहा जाता है।
मैकमोहन रेखा	भारत और चीन	उत्तर-पूर्वी भारत और चीन के बीच सीमा रेखा (यह चीनी सरकार द्वारा विवादित है)।
वास्तविक नियंत्रण रेखा (Line of Actual Control-LAC)		सीमा रेखा (Border Line), इसे पूर्व और पश्चिम में भारत और चीन की सीमा रेखा भी कहा जाता है।
रैडक्लिफ रेखा	भारत और पाकिस्तान, भारत और बांग्लादेश	सीमा रेखा, भारत और पाकिस्तान की स्वतंत्रता के बाद खींची गई। यह पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) दोनों को अलग करती है।

भारत की अपने पड़ोसियों के साथ महत्त्वपूर्ण सीमा रेखाएँ		
सीमा रेखा	देश	तथ्य
पाक जलडमरूमध्य	भारत और श्रीलंका	संकीर्ण चैनल का जल निकाय।
चिकन नेक या सिलीगुड़ी कॉरिडोर	भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल का संकीर्ण क्षेत्र	उत्तर-पूर्वी राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। पड़ोसी देश नेपाल, भूटान और बांग्लादेश इस क्षेत्र को घेरे हुए हैं। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से निकटता के कारण राजनीतिक रूप से संवेदनशील है।
अखनूर डैगर	पाकिस्तान	पाकिस्तानी क्षेत्र की एक संकीर्ण पट्टी, जो भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर तक फैली हुई है। यह बहुत संवेदनशील भूमि है, क्योंकि यह क्षेत्र में सेना की आवा-जाही को प्रभावित कर सकती है।

■■■■

विगत् वर्षों की प्रारंभिक परीक्षा के कुछ प्रश्नों का अभ्यास कीजिए

1. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर दिल्ली के सबसे समीप के देशांतर (Longitude) पर स्थित है?

(a) बेंगलुरु
(b) हैदराबाद
(c) नागपुर
(d) पुणे

उत्तर. (a)

(2018)

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बैरेन द्वीप ज्वालामुखी एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो भारतीय राज्यक्षेत्र में स्थित है।
2. बैरेन द्वीप, ग्रेट निकोबार के लगभग 140 किमी पूर्व में स्थित है।
3. पिछली बार बैरेन द्वीप ज्वालामुखी में 1991 में उद्गार हुआ था और तब से यह निष्क्रिय बना हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 3

उत्तर. (a)

(2018)

3. निम्नलिखित में से कौन-सा भौगोलिक रूप से ग्रेट निकोबार के सबसे निकट है?

(a) सुमात्रा
(b) बोर्नियो
(c) जावा
(d) श्रीलंका

उत्तर. (a)

(2017)

अध्याय

2

भूगर्भिक संरचना एवं विभाजन (Geological Structure & Division)

2.1 परिचय (Introduction)

भारत सबसे प्राचीन भूगर्भिक (Geological) विशेषताओं वाला देश है। इसमें भूगर्भिक समय-सारणी (Geological time scale) के लगभग सभी युगों की बहुत ही मौलिक भूगर्भिक और संरचनात्मक दशाएँ उपस्थित हैं। भारत में सभी प्रकार के चट्टान समूह, खनिज भंडार, कोयला और तेल संसाधनों सहित खनिज ईंधन पाए जाते हैं।

पृथ्वी की भूगर्भिक संरचना में भूपर्पटी (Crust) में विद्यमान चट्टानों का क्रम और जमाव (निक्षेप) शामिल है। यह भौगोलिक अध्ययन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भूगर्भिक संरचनाएँ आमतौर पर पृथ्वी की भूपर्पटी के भीतर होने वाली शक्तिशाली विवर्तनिक (Tectonic) क्रियाओं का परिणाम होती हैं।

भूगर्भिक संरचनाओं का अध्ययन हमें चट्टानों के संगठन और उनकी संरचना को समझने में मदद करता है, जो आगे चलकर मृदा की विशेषताओं और खनिज संसाधनों की उपलब्धता को निर्धारित करता है। उदाहरण के लिए, भारत में बुंदेलखंड क्षेत्र की आर्कियन चट्टानें (Archean rocks) खनिज संसाधनों से समृद्ध हैं।

यह कृषि, उद्योगों, परिवहन और संचार के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भूमि उपयोग के विकास, भूजल की गुणवत्ता निर्धारित करने तथा भूकंप, ज्वालामुखी, भू-स्खलन, बाढ़ आदि जैसी आपदाओं की भविष्यवाणी करने में भी सहायता प्रदान करता है।

2.2 भूगर्भिक समय-सारणी (Geological Time-Scale)

भूगर्भिक समय-सारणी रेडियोमेट्रिक डेटिंग (Radiometric dating) और चट्टानों की परतों में संरक्षित प्राचीन जीवन के साक्ष्यों के आधार पर पृथ्वी के भूगर्भिक इतिहास का अभिलेखीकरण है। भूगर्भिक समय-सारणी को कई छोटे और बड़े उप-खंडों में विभाजित किया गया है, जो हमें यह समझने में मदद करता है कि विभिन्न ऐतिहासिक घटनाएँ एक दूसरे से किस प्रकार जुड़ी हुई हैं।

भू-वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के 4.6 अरब वर्ष के अस्तित्व को समय के अनेक खंडों में विभाजित किया है, जैसे कि इयान (Eon), महाकल्प (Era), तंत्र/कल्प (System/Period), शृंखला/युग (Series/Epoch), और चरण/आयु (Stage/Age)।

भूगर्भिक समय-सारणी में इयान को महाकल्प में, महाकल्प को कल्प में, कल्प को युगों में और युगों को आयु में विभाजित किया गया है।

यह वह वर्गीकरण है, जो पृथ्वी के संपूर्ण भूगर्भिक इतिहास में महाद्वीपों के टूटने, जलवायु में क्रांतिकारी बदलाव और यहाँ तक कि विशेष प्रकार के जानवरों और पौधों के जीवन के उद्भव जैसी अनेक घटनाओं को दर्शाता है।

महत्त्वपूर्ण विभाजन और घटित घटनाएँ नीचे दी गई हैं:

प्री-कैंब्रियन महाकल्प (Pre-Cambrian Era)

पृथ्वी के निर्माण और पैलियोजोइक (पुराजीवी महाकल्प) की शुरुआत के बीच के समय को प्री-कैंब्रियन युग के रूप में जाना जाता है।

- इस काल की प्रमुख घटनाएँ निम्नलिखित हैं-
- महासागरों का निर्माण।
- अरावली, जो विश्व के सबसे प्राचीन वलित पर्वत (Fold mountains) में से एक है, इसी युग से संबंधित है।
- अवायवीय श्वसन (Anaerobic respiration) करने वाले एवं एककोशिकीय (Unicellular) जीवाणुओं के रूप में जीवन की उत्पत्ति हुई।
- लगभग 2500 मिलियन वर्ष पहले, नील-हरित शैवालों (Blue-Green Algae) की उत्पत्ति हुई, जिससे पृथ्वी पर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया शुरू हुई।

पैलियोजोइक या पुराजीवी महाकल्प (Palaeozoic Era)

- **कैंब्रियन कल्प** (Cambrian Period): इस काल में महाद्वीपों पर जीवन की कोई उपस्थिति नहीं थी। यह जीवित समुद्री अकशेरुकी जीवों (Marine invertebrates) का काल था।
- **कार्बोनिफेरस कल्प** (Carboniferous Period): इस काल में बड़ी मात्रा में वनस्पतियाँ जलमग्न हो गईं और अवसादों के नीचे दब गईं, जिसके परिणामस्वरूप इनमें कायांतरण हुआ और कोयले का निर्माण हुआ। भारतीय कोयले को छोड़कर विश्व का अधिकांश कोयला इसी काल का है, जो गोंडवाना काल से अपेक्षाकृत कम आयु का है।

मेसोजोइक या मध्यजीवी महाकल्प (Mesozoic Era)

- **क्रिटेशियस कल्प** (Cretaceous Period): इस कल्प में बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी गतिविधियों (पृथ्वी पर उल्का पिंडों के टकराने के कारण) के कारण डायनासोर विलुप्त हो गए। इस अवधि के दौरान पृथ्वी की सतह पर ज्वालामुखी पठारों का निर्माण हुआ। ये पठार बेसाल्ट (Basalt) से बने थे। उदाहरण के लिए दक्कन लावा पठार।

  इसके अलावा, पृथ्वी की सतह पर उल्का पिंडों के टकराव के कारण उल्का झीलों (Meteors lakes) का निर्माण हुआ। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र की लोनार झील।

सेनोजोइक या नूतनजीवी महाकल्प (Cenozoic Era)

- **एंथ्रोपोसीन कल्प** (Anthropocene Period): यह पिछले 2000 वर्षों का समय है, जब आधुनिक मानव ने पृथ्वी पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया तथा वनों की कटाई, कृषि गतिविधियों, बदलते भू-दृश्य (Landscape), जीवाश्म ईंधन के दहन और सूक्ष्म जलवायु में परिवर्तन आदि के माध्यम से वातावरण को संशोधित किया है।

मेघालय युग (Meghalayan Age)

भूगर्भ वैज्ञानिकों ने पिछले 4,200 वर्षों को मेघालय युग (मेघालय की मावम्लुह गुफाओं के आधार पर) के रूप में वर्गीकृत किया है। यह पृथ्वी के 4.6 अरब वर्ष के इतिहास में भूगर्भिक समय-सारणी [अभिनव युग (Holocene epoch)] की सबसे नवीनतम इकाई है। यह उस युग को दर्शाता है, जिसने विश्वभर में अचानक बड़े पैमाने पर सूखे (Mega-drought) और शीतलन (Cooling) का अनुभव किया। सूखे और शीतलन की यह प्रक्रिया दो शताब्दियों तक चली और पिछले हिमयुग की समाप्ति के बाद कई क्षेत्रों में विकसित हुए कृषि-आधारित समाजों पर गंभीर प्रभाव पड़ा। इसके परिणामस्वरूप मिस्र, ग्रीस, सीरिया, फ़िलिस्तीन, मेसोपोटामिया, सिंधु घाटी और यांग्त्जी नदी घाटी में विकसित सभ्यताओं का पतन हो गया। सभी सात महाद्वीपों पर 4,200 साल पुरानी जलवायवी घटना (Climatic event) के साक्ष्य मिले हैं।

इयान (Eons)	महाकल्प (Era)	कल्प (Period)	युग (Epoch)	आयु/वर्तमान से पूर्व (Age/Years Before Present)	प्रमुख घटनाएँ (Major Events)
फैनेरोजोइक (Phanerozoic)	सेनोजोइक (65 मिलियन वर्ष पूर्व से वर्तमान समय तक)	चतुर्थक (Quaternary)	होलोसीन/अभिनव युग (Holocene) प्लीस्टोसीन (Pleistocene)	0-10,000 वर्ष 10,000 वर्ष-2 मिलियन	आधुनिक मानव होमोसेपियंस
		तृतीयक (Tertiary) प्लायोसीन (Pliocene) मायोसीन (Miocene) ओलिगोसीन (Oligocene) इओसीन (Eocene) पैलियोसीन (Palaeocene)	2 - 5 मिलियन 5 - 24 मिलियन 24 - 37 मिलियन 37 - 58 मिलियन 57 - 65 मिलियन	प्रारंभिक मानव पूर्वज वनमानुष फूल वाले पौधे और वृक्ष मनुष्य के जैसा वनमानुष खरगोश और शशक (Hare) छोटे स्तनधारी, चूहे आदि।	
	मेसोजोइक (Mesozoic)		65-245 मिलियन वर्ष पूर्व क्रेटेशियस (Cretaceous) जुरैसिक (Jurassic) ट्रिआसिक (Triassic)	65-144 मिलियन 144-208 मिलियन 208-245 मिलियन	डायनासोर का विलुप्त होना डायनासोर का युग मेंढक और कछुए
	पैलियोजोइक (Palaeozoic)		पर्मियन (Permian) कार्बोनिफेरस (Carboniferous) डेवोनियन (Devonian) सिल्यूरियन (Silurian) ऑर्डोविसियन (Ordovician) कैंब्रियन (Cambrian	245-286 मिलियन 286-360 मिलियन 360-408 मिलियन 408-435 मिलियन 435-505 मिलियन 505-507 मिलियन	सरीसृपों का प्रभुत्व - उभयचरों का प्रतिस्थापन प्रथम सरीसृप, कशेरुकी प्राणी, कोल बेड भूमि पर जीवन का प्रथम साक्ष्य, पौधे प्रथम मछली कोई स्थलीय (Terrestrial) जीवन नहीं, समुद्री अकशेरुकी (बिना रीढ़ की हड्डी वाले जीव)

इयान (Eons)	महाकल्प (Era)	कल्प (Period)	युग (Epoch)	आयु/वर्तमान से पूर्व (Age/Years Before Present)	प्रमुख घटनाएँ (Major Events)
प्रोटेरोजोइक आर्कियन हेडियन (Proterozoic Archean Hedean)	प्री-कैंब्रियन (Pre-Cambrian)			570 -4800 मिलियन वर्ष पूर्व 570-2,500 मिलियन 2,500-3,800 मिलियन 3,800-4,800 मिलियन	मुलायम शरीर वाले आर्थ्रोपोड्स, नील-हरित शैवाल, एककोशिकीय जीवाणु, महासागर और महाद्वीप, महासागर और वायुमंडल का निर्माण जो कार्बन डाइऑक्साइड से समृद्ध थे
तारों की उत्पत्ति सुपरनोवा महाविस्फोट (Origin of Stars Supernova Big-Bang)	5.000-13.700 मिलियन वर्ष पूर्व			5,000 मिलियन 12,000 मिलियन 13,700 मिलियन	सूर्य की उत्पत्ति, ब्रह्मांड की उत्पत्ति

महत्त्वपूर्ण विभाजन और घटित घटनाएँ नीचे दी गई हैं:

प्री-कैंब्रियन महाकल्प (Pre-Cambrian Era)

पृथ्वी के निर्माण और पैलियोजोइक (पुराजीवी महाकल्प) की शुरुआत के बीच के समय को प्री-कैंब्रियन युग के रूप में जाना जाता है।

इस काल की प्रमुख घटनाएँ निम्नलिखित हैं-

- महासागरों का निर्माण।
- अरावली, जो विश्व के सबसे प्राचीन वलित पर्वत (Fold mountains) में से एक है, इसी युग से संबंधित है।
- अवायवीय श्वसन (Anaerobic respiration) करने वाले एवं एककोशिकीय (Unicellular) जीवाणुओं के रूप में जीवन की उत्पत्ति हुई।
- लगभग 2500 मिलियन वर्ष पहले, नील-हरित शैवालों (Blue-Green Algae) की उत्पत्ति हुई, जिससे पृथ्वी पर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया शुरू हुई।

पैलियोजोइक या पुराजीवी महाकल्प (Palaeozoic Era)

- **कैंब्रियन कल्प** (Cambrian Period): इस काल में महाद्वीपों पर जीवन की कोई उपस्थिति नहीं थी। यह जीवित समुद्री अकशेरुकी जीवों (Marine invertebrates) का काल था।
- **कार्बोनिफेरस कल्प** (Carboniferous Period): इस काल में बड़ी मात्रा में वनस्पतियाँ जलमग्न हो गईं और अवसादों के नीचे दब गईं, जिसके परिणामस्वरूप इनमें कायांतरण हुआ और कोयले का निर्माण हुआ। भारतीय कोयले को छोड़कर विश्व का अधिकांश कोयला इसी काल का है, जो गोंडवाना काल से अपेक्षाकृत कम आयु का है।

मेसोजोइक या मध्यजीवी महाकल्प (Mesozoic Era)

- **क्रिटेशियस कल्प** (Cretaceous Period): इस कल्प में बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी गतिविधियों (पृथ्वी पर उल्का पिंडों के टकराने के कारण) के कारण डायनासोर विलुप्त हो गए। इस अवधि के दौरान पृथ्वी की सतह पर ज्वालामुखी पठारों का निर्माण हुआ। ये पठार बेसाल्ट (Basalt) से बने थे। उदाहरण के लिए दक्कन लावा पठार।

  इसके अलावा, पृथ्वी की सतह पर उल्का पिंडों के टकराव के कारण उल्का झीलों (Meteors lakes) का निर्माण हुआ। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र की लोनार झील ।

सेनोजोइक या नूतनजीवी महाकल्प (Cenozoic Era)

- एंथ्रोपोसीन कल्प (Anthropocene Period): यह पिछले 2000 वर्षों का समय है, जब आधुनिक मानव ने पृथ्वी पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया तथा वनों की कटाई, कृषि गतिविधियों, बदलते भू-दृश्य (Landscape), जीवाश्म ईंधन के दहन और सूक्ष्म जलवायु में परिवर्तन आदि के माध्यम से वातावरण को संशोधित किया है।

मेघालय युग (Meghalayan Age)

- भूगर्भ वैज्ञानिकों ने पिछले 4,200 वर्षों को मेघालय युग (मेघालय की मावम्लुह गुफाओं के आधार पर) के रूप में वर्गीकृत किया है। यह पृथ्वी के 4.6 अरब वर्ष के इतिहास में

भूगर्भिक समय-सारणी [अभिनव युग (Holocene epoch)] की सबसे नवीनतम इकाई है। यह उस युग को दर्शाता है, जिसने विश्वभर में अचानक बड़े पैमाने पर सूखे (Mega-drought) और शीतलन (Cooling) का अनुभव किया। सूखे और शीतलन की यह प्रक्रिया दो शताब्दियों तक चली और पिछले हिमयुग की समाप्ति के बाद कई क्षेत्रों में विकसित हुए कृषि-आधारित समाजों पर गंभीर प्रभाव पड़ा। इसके परिणामस्वरूप मिस्र, ग्रीस, सीरिया, फिलिस्तीन, मेसोपोटामिया, सिंधु घाटी और यांग्त्जी नदी घाटी में विकसित सभ्यताओं का पतन हो गया। सभी सात महाद्वीपों पर 4,200 साल पुरानी जलवायवी घटना (Climatic event) के साक्ष्य मिले हैं।

मावम्लुह गुफा, मेघालय
(MAWMLUH CAVE, MEGHALAYA)

1,290 मीटर की ऊँचाई पर स्थित मावम्लुह गुफा भारत की सबसे लंबी और गहरी गुफाओं में से एक है। ये गुफाएँ होलोसीन/अभिनव युग–पुराजलवायु (Palaeoclimate) और पुरामानसून (Palaeomonsoon) का महत्त्वपूर्ण अभिलेख प्रदान करती हैं, क्योंकि वे प्रसंघनन (Diagenesis), अपरदन (Erosion) और स्थलीय जमाव के अधीन नहीं हैं। यहाँ की स्थितियाँ विभिन्न युगों में ऑक्सीजन संक्रमण के रासायनिक संकेतों को संरक्षित करने के लिए उपयुक्त थीं।

2.3 भारतीय शैल-तंत्र का भूगर्भिक इतिहास (Geological History of Indian Rock System)

भूगर्भिक रूप से, भारत प्री-कैंब्रियन महाकल्प से लेकर हाल ही के समय तक, विभिन्न युगों से संबंधित विभिन्न विशेषताओं वाली चट्टानों के एक विशाल संयोजन का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत के भूगर्भिक इतिहास की प्रमुख घटनाएँ (Major Events in The Geological History of India):

- प्रायद्वीपीय भारत पृथ्वी की भूपर्पटी के निर्माण के समय से ही प्राचीन भूभाग का हिस्सा था।
- तृतीयक कल्प (Tertiary period) में हिमालय का उत्थान हुआ।
- प्लीस्टोसीन/अत्यंत नूतन काल (Pleistocene period) के दौरान सिंधु-गंगा के मैदान का क्रमिक निर्माण हुआ। यह नदियों के बाढ़ क्षेत्रों और गंगा के मैदानी इलाकों के निचले हिस्से में अवसादन के माध्यम से आज भी जारी है।



चित्र 2.1: भारत का भूगर्भिक विभाजन

कैंब्रियन काल के बाद से भारतीय प्रायद्वीप कभी समुद्र में जलमग्न नहीं हुआ और साथ ही यह विवर्तनिक शक्तियों से भी अधिक प्रभावित नहीं है। इसके विपरीत प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर शेष भारतीय भूभाग का उद्गम टेथिस सागर में हुआ है और यह विवर्तनिक शक्तियों प्रति संवेदनशील है, जिसके परिणामस्वरूप विनाशकारी भूकंप आते हैं। यह पृथ्वी की भूपर्पटी का एक कमजोर (दुर्बल) और लचीला हिस्सा है, जो मोड़दार, भ्रंशित और अत्यधिक दबाव वाला है।

- भारतीय भूगर्भिक सर्वेक्षण ने देश के शैल-तंत्र को निम्नलिखित चार प्रमुख प्रभागों में वर्गीकृत किया है:
- आर्कियन शैल-तंत्र
- पुराण शैल-तंत्र
- द्रविड़ शैल-तंत्र
- आर्य शैल-तंत्र

आर्कियन शैल-तंत्र (The Archaean Rock System)

आर्कियन महाकल्प को प्री-कैंब्रियन महाकल्प के रूप में भी जाना जाता है, जो पृथ्वी के निर्माण (4.5 अरब वर्ष पूर्व) से लेकर पुराजीवी महाकल्प (Paleozoic Era) के कैंब्रियन युग (Cambrian period) के प्रारंभ तक का समय है। यह पृथ्वी के इतिहास का लगभग 86.7 प्रतिशत है।

आर्कियन शैल-तंत्र के दो प्रकार हैं, जैसा कि नीचे दिया गया है:

आर्कियन तंत्र (The Archaean System)

'आर्कियन' शब्द, पृथ्वी की भूपर्पटी की सबसे प्राचीन चट्टानों को संदर्भित करता है। उनमें से कुछ सबसे पहले निर्मित भूपर्पटी के हिस्सों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्हें मूल/प्रारंभिक भूपर्पटी (Primordial crust) कहा जाता है, जो गैसीय या पिघली हुई अवस्था से घनीभवन/समेकन (Consolidation) द्वारा निर्मित हुई थी।

आर्कियन चट्टानें किसी भी प्रकार के जीवाश्म से रहित हैं, अर्थात, वे सभी एजोइक या अजीवाश्मीय हैं। इस प्रकार, आर्कियन चट्टानें सभी महान प्राचीन पठारों की नींव और विश्व की सभी विशाल वलित पर्वत शृंखलाओं के कोर का निर्माण करती हैं।

प्रायद्वीपीय सतह के लगभग दो-तिहाई हिस्से को कवर करने वाली सबसे सामान्य आर्कियन चट्टान 'नीस (Gneiss)' है। आर्कियन चट्टानें ओडिशा, मेघालय, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड के छोटानागपुर पठार और अरावली में एक विस्तृत क्षेत्र को आच्छादित करती हैं।

आर्थिक महत्त्व (Economical Significance)

आर्कियन चट्टानें भारत की खनिज संपदा का भंडार हैं। ये चट्टानें लौह अयस्क, ताँबा, मैंगनीज, अभ्रक, डोलोमाइट, सीसा, जस्ता, चाँदी और सोना आदि जैसे लौह और अलौह खनिजों से समृद्ध हैं।

धारवाड़ तंत्र (Dharwar System)

ये भारतीय भूगर्भिक समय-सारणी में ज्ञात पहले रूपांतरित अवसादी शैल (Metamorphosed sedimentary rock) तंत्र हैं। भारत में इन चट्टानों का अध्ययन सबसे पहले कर्नाटक के धारवाड़ जिले में किया गया था। यह चट्टान प्रणाली मुख्यत: आग्नेय मलबे (Igneous Debris), शिस्ट (Schists) और नीस से बनी है।

धारवाड़ शैल-तंत्र का वितरण (Distribution of Dharwar Rock System):

- धारवाड़ शैल-तंत्र कर्नाटक के धारवाड़ और बेल्लारी जिलों से तमिलनाडु के नीलगिरी और मदुरै जिलों तक फैला है।
- इसका विस्तार छोटानागपुर पठार के मध्य और पूर्वी भाग, मेघालय पठार और मिकिर पहाड़ियों में पाया जाता है।
- अरावली, दिल्ली से अलवर के दक्षिण और हिमालयी क्षेत्र तक भी इसका विस्तार पाया जाता है।

आर्थिक महत्त्व (Economical Significance):

धारवाड़ शैल-तंत्र अत्यधिक धातु युक्त हैं। ये लौह अयस्क, मैंगनीज़, सीसा, जस्ता, सोना, चाँदी, डोलोमाइट, अभ्रक, ताँबा, टंगस्टन, निकिल, क़ीमती पत्थरों और निर्माण सामग्री से समृद्ध हैं।

पुराण शैल-तंत्र (The Purana Rock System)

भारत में प्रागजीवी (Proterozoic) के स्थान पर 'पुराण' शब्द का प्रयोग किया गया है। यह शैल-तंत्र कडप्पा तंत्र (Cuddapah System) और विंध्यन तंत्र (Vindhyan System) में विभाजित है।

कडप्पा/कडप्पा तंत्र (Cuddapah System)

इसका नाम आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के नाम पर रखा गया है। कडप्पा तंत्र में अवसादी-रूपांतरित संरचनाएँ शामिल हैं।

वितरण का क्षेत्र (Area of Distribution)

- आंध्र प्रदेश के कडप्पा और कुरनूल जिले।
- छत्तीसगढ़ राज्य।
- दिल्ली-राजस्थान (अलवर के दक्षिण में)।
- प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अतिरिक्त लघु हिमालय में।

आर्थिक महत्त्व (Economical Significance):

- कडप्पा तंत्र की प्रमुख चट्टानें बलुआ पत्थर, शेल्स, चूना पत्थर, क्वार्टज़ाइट स्लेट्स हैं। इसमें निम्न गुणवत्ता वाले लौह अयस्क, मैंगनीज अयस्क, एस्बेस्टस, ताँबा, निकिल, कोबाल्ट, संगमरमर, जैस्पर, भवन निर्माण सामग्री और आंतरिक सजावट के लिए पत्थर शामिल हैं।

विंध्यन तंत्र (Vindhyan System)

इसका नाम विंध्यन पर्वत से लिया गया है। ये पर्वत गंगा के मैदान और दक्कन के पठार के बीच एक विभाजक रेखा बनाते हैं।

यह तंत्र राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से लेकर बिहार के सासाराम तक के विस्तृत क्षेत्र को आच्छादित करता है। इसमें विशाल अवसादी निक्षेप (Sedimentary deposits) हैं।

कुछ भूभागों में विंध्यन चट्टानें दक्कन के लावा के नीचे दबी हुई हैं। ग्रेट बाउंड्री फॉल्ट (Great Boundary Fault) विंध्यन प्रणाली को लगभग 800 किमी की दूरी तक अरावली से अलग करता है।

आर्थिक महत्त्व (Economical Significance):

विंध्यन प्रणाली लाल-बलुआ पत्थर, भवन निर्माण सामग्री, सजावटी पत्थर, कांग्लोमेरेट्स, हीरा और सीमेंट, चूना, काँच और रासायनिक उद्योगों हेतु कच्चे माल के लिए प्रसिद्ध है।

कुछ स्थानों पर इन चट्टानों से कम गुणवत्ता वाला लौह अयस्क और मैंगनीज प्राप्त होता है। पन्ना और गोलकुंडा की प्रसिद्ध हीरे की खदानें विंध्यन प्रणाली में स्थित हैं।

कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा, फ़तेहपुर सीकरी, आगरा का किला, लाल किला, जामा-मस्जिद, बिड़ला मंदिर, साँची का बौद्ध स्तूप आदि ऐतिहासिक इमारतें विंध्यन पर्वतमाला से प्राप्त लाल-बलुआ पत्थर से बनाई गई हैं।

द्रविड़ शैल-तंत्र (The Dravidian Rock System)

पुराजीवी महाकल्प में मानक भूगर्भिक समय-सारणी के ऑर्डोविशियन, सिल्युरियन, डेवोनियन, कार्बोनिफेरस और पर्मियन कल्प शामिल हैं। भारतीय भूगर्भिक समय-सारणी में इसे 'द्रविड़ महाकल्प' के नाम से जाना जाता है।

यह पृथ्वी की सतह पर जीवन की शुरुआत का प्रतीक है। रीवा में उमरिया के आस-पास के क्षेत्र को छोड़कर प्रायद्वीपीय भारत में इस काल की संरचनाएँ लगभग अनुपस्थित हैं। इन चट्टानों के कुछ प्रमाण पीर-पंजाल, स्पीति, कांगड़ा, शिमला क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश), गढ़वाल और कुमाऊँ (उत्तराखंड) में पाए जाते हैं। इसी काल में पैंजिया टूटा और टेथिस सागर (टेथिस भू-सन्नति) अस्तित्व में आया। द्रविड़यन शैल-तंत्र में शेल्स, बलुआ पत्थर, चिकनी मिट्टी, क्वार्टज़ाइट स्लेट, लवण, संगमरमर आदि शामिल हैं।

आर्य शैल-तंत्र (The Aryan Rock System)

आर्य तंत्र में ऊपरी कार्बोनिफेरस से लेकर वर्तमान तक की चट्टानें शामिल हैं। ये प्रायद्वीपीय भारत में काफ़ी हद तक संरक्षित हैं और संपूर्ण उत्तरी सीमा के साथ हिमालय क्षेत्र में एक सही अनुक्रम में पाए जाते हैं। आर्य शैल-तंत्र को निम्नलिखित रूप में उप-विभाजित किया गया है: गोंडवाना तंत्र, दक्कन ट्रैप, तृतीयक शैल-तंत्र और चतुर्थक शैल-तंत्र।

गोंडवाना तंत्र (Gondwana System)

भारत का 95 प्रतिशत से अधिक कोयला गोंडवाना शैल-तंत्र में पाया जाता है। यह लौह अयस्क, चूना पत्थर, बलुआ पत्थर, चीनी मिट्टी (सिरेमिक) उद्योग के लिए कच्चे माल जैसे संसाधन भी प्रदान करता है।

भारत का सबसे अच्छा और सबसे बड़ा कोयला भंडार गोंडवाना तंत्र में मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल और झारखंड की दामोदर घाटी, ओडिशा और छत्तीसगढ़ की महानदी घाटी, आंध्र प्रदेश की गोदावरी घाटी और मध्य प्रदेश के सतपुड़ा बेसिन में पाया जाता है।

आर्थिक महत्त्व (Economical Significance):

निचली गोंडवाना चट्टानें तलचर, पंचेत और दामुडा श्रृंखला में पाई जाती हैं। भारत के अधिकांश अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले के भंडार (बिटुमिनस और ऐंथ्रासाइट) गोंडवाना संरचनाओं में पाए जाते हैं। इसके अलावा, लौह अयस्क रानीगंज कोयला क्षेत्रों के लौह पत्थर शैलों में पाया जाता है। गोंडवाना संरचनाओं में कोयले और लोहे के अलावा, काओलिन (चीनी मिट्टी), फायरक्ले, बलुआ पत्थर और ग्रिट (Grits) भी पाए जाते हैं।

दक्कन ट्रैप (Deccan Traps)

क्रिटेशियस कल्प के अंत में भारतीय प्रायद्वीप तीव्र ज्वालामुखी गतिविधि से प्रभावित हुआ। इस अवधि के दौरान, भारी मात्रा में बेसाल्टिक लावा का उद्गार हुआ, जिसके कारण दक्कन लावा पठार का निर्माण हुआ।

दक्कन का लावा गुजरात (कच्छ, काठियावाड़), महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश (मालवा पठार), छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तरी आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी कर्नाटक को आच्छादित करता है।

चित्र 2.2: प्रायद्वीपीय भारत का भू-विज्ञान

आर्थिक महत्त्व (Economical Significance):

दक्कन ट्रैप के बेसाल्ट का उपयोग सड़कों और इमारतों के निर्माण के लिए किया जाता है। इसके अलावा, दक्कन ट्रैप में क्वार्ट्ज, बॉक्साइट, मैग्नेटाइट, गोमेद और कम क़ीमती पत्थर भी पाए जाते हैं। यह मैग्नीशियम, कार्बोनेट, पोटाश और फॉस्फेट से भी समृद्ध है।

तृतीयक शैल-तंत्र (The Tertiary Rock System)

इस काल को 'स्तनधारियों का युग' (The Age of Mammals) भी कहा जाता है। इस अवधि में दो महत्त्वपूर्ण घटनाएँ देखी गईं, अर्थात्,

(i) गोंडवाना लैंड का अंतिम रूप से टूटना।

(ii) हिमालय जैसे युवा वलित पर्वतों का निर्माण।

प्रारंभिक तृतीयक कल्प के दौरान, जैसे ही भारत तिब्बत से टकराया, टेथिस बेसिन में जमा होने वाले अवसाद समुद्र तल के साथ धीमी गति से ऊपर उठने लगे। हिमालय के उत्थान ने उप-महाद्वीप की पुरानी स्थलाकृति को बदल दिया।

हिमालय निर्माण के चरण (Phases of Himalayas Formation) :

- **चरण-I [इओसीन (आदिनूतन)-ओलिगोसीन (अधिनूतन:** इस चरण में वृहत् हिमालय का उत्थान हुआ।

- **चरण-II [मायोसीन (मध्यनूतन)]:** इसके पश्चात् भारतीय प्लेट की गति में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप लघु हिमालय या मध्य हिमालय का वलन हुआ।
- **चरण-III [प्लायोसीन (अतिनूतन)]:** इस चरण के दौरान तीसरे उत्थान की प्रक्रिया हुई, जिसके परिणामस्वरूप शिवालिक या बाह्य हिमालय का वलन हुआ। यह प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त तथ्य उपलब्ध हैं कि हिमालय की ऊँचाई अभी भी बढ़ रही है।

प्रायद्वीपीय क्षेत्र में, कच्छ, काठियावाड़, कोंकण, मालाबार, नीलगिरी और पूर्वी घाट के तट पर तृतीयक शैल-तंत्र का निर्माण हुआ है।

चतुर्थक शैल-तंत्र (The Quaternary Rock System)

चतुर्थक शैल-तंत्र वर्तमान जमाओं के लिए प्रस्तावित नाम है, जिसमें जीवित प्रतिनिधियों वाली प्रजातियों के जीवाश्म पाए जाते हैं। चतुर्थक कल्प सबसे वर्तमान कल्प है। इसके दो भाग हैं, जिनके बीच की सीमा स्पष्ट नहीं है।



इसमें पहला भाग, अत्यंत नूतन युग/शक (Pleistocene) पुराना है, जो ठंडी जलवायु और हिमनदों द्वारा चिह्नित है, जबकि दूसरे भाग, को अभिनव युग (Recent/Younger) कहा जाता है।

प्रथम हिमनद और अंतर-हिमनद काल कश्मीर में निचले अत्यंत नूतन युग/शक से संबंधित है।

कश्मीर के करेवा (Karewas) को द्वितीय अंतर-हिमनद काल (Inter-glacial period) माना जाता है। नर्मदा के जलोढ़ निक्षेप (Alluvial deposits) भी इसी काल के हैं।

भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण, व्यापक और वर्तमान जमाव (नवीन) सिंधु-गंगा जलोढ़ हैं, जो हिमालय की तलहटी और प्रायद्वीप के उत्तरी किनारे के बीच नदियों द्वारा लाये गए अवसादों के जमा होने से निर्मित हैं।

बांगर, पुरानी जलोढ़ मृदा को कहा जाता है जो मध्य या ऊपरी अत्यंत नूतन युग से संबंधित है। वार्षिक बाढ़ की संभावना वाली नदी घाटियों के निचले क्षेत्रों में मौजूद नए जलोढ़ मृदा को खादर कहा जाता है जो ऊपरी अत्यंत नूतन युग से संबंधित है।

2.4 भारत में हिमयुग (Ice Ages in India)

अत्यंत नूतन युग (Pleistocene) के दौरान पृथ्वी हिमयुग से गुजरी, जिसका प्रभाव हिमालय क्षेत्र में इसकी ऊँचाई और अधिक उत्तर में स्थिति के कारण देखा गया।



अत्यंत नूतन युग से पहले, भारत में दो अन्य हिमयुगों की घटना के निर्णायक साक्ष्य उपलब्ध हैं- धारवाड़ हिमयुग और गोंडवाना हिमयुग।

शैल-तंत्र (Rock Systems)			
तंत्र (System)	**शैल के प्रकार** (Rock Types)	**खनिज** (Minerals)	**क्षेत्र** (Region)
आर्कियन (Archaean)	बंगाल नीस, नीलगिरी नीस और बुंदेलखंड नीस	लौह अयस्क, ताँबा, मैंगनीज, अभ्रक, डोलोमाइट, सीसा, जस्ता, चाँदी और सोना जैसे लौह और अलौह खनिजों से भरपूर है। खनिज संघटन ग्रेनाइट से लेकर गैब्रो तक भिन्न-भिन्न है। शिस्ट - अधिकतर क्रिस्टलीय, इसमें अभ्रक, टैल्क (खड़िया), हॉर्नब्लेंड, क्लोराइट, शामिल हैं।	राजस्थान, बुंदेलखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु आदि क्षेत्र।
धारवाड़ (Dharwar)	आग्नेय चट्टान, शिस्ट और नीस।	लौह अयस्क, मैंगनीज, सीसा, जस्ता, सोना, चाँदी, डोलोमाइट, अभ्रक, ताँबा, टंगस्टन, निकिल और क़ीमती पत्थरों से समृद्ध।	कर्नाटक के धारवाड़ और बेल्लारी जिले, छोटानागपुर पठार के मध्य और पूर्वी भाग, मेघालय पठार और मिकिर पहाड़ियाँ, अरावली, रियालो (दिल्ली शृंखला), दिल्ली से अलवर के दक्षिण तक और हिमालय क्षेत्र।

शैल-तंत्र (Rock Systems)			
तंत्र (System)	**शैल के प्रकार** (Rock Types)	**खनिज** (Minerals)	**क्षेत्र** (Region)
कडप्पा (Cudappah)	अवसादी और रूपांतरित संरचनाएँ, बलुआ पत्थर, शेल्स, चूना पत्थर, क्वार्टज़ाइट स्लेट्स	लौह अयस्क, मैंगनीज अयस्क, अभ्रक, ताँबा, निकिल, कोबाल्ट, संगमरमर, जैस्पर, भवन निर्माण सामग्री और आंतरिक सजावट के लिए पत्थर।	आंध्र प्रदेश के कडप्पा और कुरनूल जिले, छत्तीसगढ़, राजस्थान-दिल्ली, अलवर का दक्षिणी भाग, प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अतिरिक्त लघु हिमालय।
विंध्यन (Vindhyan)	रूपांतरित चट्टानें, लाल-बलुआ पत्थर, बलुआ पत्थर	निम्न गुणवत्ता का लौह अयस्क और मैंगनीज।	राजस्थान में चित्तौड़गढ़ से लेकर बिहार में सासाराम तक का क्षेत्र।
गोंडवाना (Gondwana)	रूपांतरित चट्टानें	कोयले और लोहे के अलावा चीनी मिट्टी, फायरक्ले, बलुआ पत्थर और ग्रिट।	तलचर, पंचेत और दामुडा श्रृंखला में पाया जाता है। रानीगंज, झरिया, करनपुरा और ओडिशा के दामोदर बेसिन में बोकारो, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पेंच घाटी, झिंगुरदा कोयला संस्तर (छत्तीसगढ़)। दामोदर एवं सोन घाटी क्षेत्र।
दक्कन (Deccan)	आग्नेय चट्टानें, प्लूटोनिक चट्टानें जैसे गैब्रो और ग्रेनाइट।	इसमें मैग्नीशियम, कार्बोनेट, पोटाश और फॉस्फेट भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।	महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और कर्नाटक।
तृतीयक (Tertiary)	अवसादी चट्टानें	स्तनधारी, पौधे और अकशेरुकी शामिल हैं, इसे 'स्तनधारियों का युग' भी कहा जाता है।	हिमालय क्षेत्र और उत्तर-पूर्व के राज्य।

■■■■